सुविचार

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS — FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-13 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 3 मई 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## हिन्दू वर-वधु के सात फेरे नहीं होने पर क्या विवाह नहीं माना जाता जानिए महत्वपूर्ण निर्णय/legal advice...

हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अनुसार हिन्दू विवाह संस्कारों का विवाह होता है द्ब वर-वधू को शादी करने के लिए सात फेरों की रस्मों में बन्धन में बन्धना पड़ता है तब जाकर वह पति पत्नी होते हैं एवं विवाह पूर्ण होता है द्ब अगर कोई हिन्दू महिला या पुरुष यह कहे की मैंने किसी संस्था से शादी की है सिर्फ नोटरी या आर्य समाज आदि के द्वारा तो यह विवाह कानून की नजरो में अवैध विवाह होगा जानिए इससे संबंधित एक महत्वपूर्ण सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट

**उर्मिला बनाम राज्य मामला (निर्णय वर्ष 1994 उत्तरप्रदेश)-** आरोपी ब्रजमोहन ने दूसरा विवाह निशा देवी से किया था जबकि उसकी पहली पत्नी उर्मिला जिवित थी। आरोपी का पहला विवाह आर्य समाज पद्धति से हुआ था जबकि वह दोनों पति पत्नी हिन्दू धर्म के थे। आर्य समाज पद्धति में विवाह की वैधता के लिए केवल साढे तीन परिक्रमा (फेरे) ही पर्याप्त माने जाते हैं एवं आर्य समाज मे सात फेरों की आवश्यकता नहीं होती है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने विनिश्चित किया कि हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार विवाह की वैधता के लिए सात फेरों का होना अति-आवश्यक है अगर हिन्दू वर वधू है तो विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के नियमो के अनुसार ही पूर्ण होना चाहिए न कि किसी अन्य समाज के नियमों के अनुसार आरोपी का आर्य समाज पद्धति से किया गया विवाह वैध नहीं है इसलिए आरोपी भारतीय दण्ड संहिता की धारा 494 के अंतर्गत पुनः विवाह के अपराध का दोषी नहीं होगा।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**हिन्दू पुरुष के साथ बिना शादी के रहने वाली महिला पति होने का दावा नहीं कर सकती है जानिए महत्वपूर्ण जजमेंट सुप्रीम कोर्ट -** भाऊराव शंकर लोखंडे बनाम महाराष्ट्र राज्य- उक्त मामले मे उच्चतम न्यायालय ने विनिश्चित किया कि अगर किसी पुरुष ने किसी महिला को बिना रीति रिवाज के विवाह करके पत्नी बनाकर रखेल या गवर्नेस के रूप मे रखा है वह स्त्री पत्नी होने का दावा नहीं कर सकती है ऐसे में पुरुष दूसरा विवाह कर सकता है।

## अपराध का षडयंत्र करना कब अपराध होता है जानिए/IPC, BNS...

प्रारम्भ में भारतीय दण्ड संहिता में आपराधिक षड्यंत्र करना दण्ड नहीं था क्योंकि अपराध का षडयंत्र मात्र अपराध नहीं होता है जब तक कोई अपराध घटित न हो जाए लेकिन भारतीय दण्ड विधि संशोधन वर्ष 1931 में अध्याय 05 में एक नवीन अध्याय जोड़ा गया अध्याय 05(क) इसमे धारा 120 क एवं धारा 120 ख जोड़ी गई जिसमें आपराधिक षड्यंत्र को अपराध माना गया लेकिन वर्तमान नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023 में इस अपराध को धारा 61 में परिभाषित किया गया है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**जानिए आपराधिक षड्यंत्र के दो आवश्यक तत्व कौन कौन से है-**

1. दो या अधिक व्यक्तियों में अपराध करने की सहमति होना चाहिए।
2. सहमती अवैध होनी चाहिए।
3. अगर कोई वैध सहमती है तब उसमे अवैध साधनो का उपयोग किया गया हो।

**इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय जानिए:** मूल्ये बनाम रेक्स मामले में न्यायधीश ने कहा कि षड्यंत्र दो या उससे अधिक व्यक्तियों के केवल आशय मात्र से नहीं अपितु दो या अधिक व्यक्तियों के अवैध कार्य की सहमति एवं किसी वैध कार्य को अवैध साधनो द्वारा करने की सहमति से निर्मित होता है।

# देश में पहली बार इंदौर मेट्रो के प्लेटफार्म पर लगेंगे भारतीय कंपनी के स्क्रीन गेट

**इंदौर।** मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री सुरक्षा के लिए स्क्रीन डोर लगाए जाएंगे। सितंबर में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल के पहले गांधी नगर स्टेशन व सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 प्लेटफार्म पर ये स्क्रीन डोर लग जाएंगे। ऐसे में जब प्लेटफार्म पर ट्रेन पहुंचेगी, तब स्क्रीन गेट खुलने पर ही यात्री मेट्रो के अंदर जा सकेंगे। इससे प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। अभी दिल्ली सहित कई शहरों में मेट्रो प्लेटफार्म व ट्रैक के बीच सुरक्षा के लिए स्क्रीन डोर लगाए जा रहे हैं। अभी तक चीन की कंपनियों द्वारा बनाए गए डोर ही लगाए जा रहे थे। इंदौर के मेट्रो स्टेशन पर लगाए जाने वाले ये सुरक्षा स्क्रीन डोर पर मेड इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत भारतीय कंपनी द्वारा तैयार किए होंगे। पहली बार देश में इंदौर के मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर भारतीय कंपनी द्वारा तैयार ये सुरक्षा गेट लगाए जाएंगे। इससे इन गेट की गुणवत्ता बढ़ेगी और सुरक्षा भी मजबूत रहेगी।





### भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड तैयार कर ही डिजाइन

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा इंदौर व भोपाल के मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा स्क्रीन गेट लगाने का जिम्मा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को दिया गया है। कंपनी द्वारा गेट के डिजाइन को तैयार किया जा रहा है। ये कांच वाले स्लाइडिंग गेट होंगे। डिजाइन अप्रूव होते ही इस गेट को तैयार कर मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। फिलहाल इंदौर में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर में शामिल प्लेटफार्म पर पटरी के पास हिस्से पर इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है। दिल्ली मेट्रो जैसी दुर्घटनाओं से होगा बचाव पांच माह पहले दिल्ली मेट्रो में एक महिला की साड़ी फंसने के कारण वो मेट्रो पर घिसटती गई थी और उसकी मौत हो गई थी। ऐसे में मेट्रो प्लेटफार्म पर लगने वाले ये सुरक्षा स्क्रीन गेट यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। मेट्रो से निकले के बाद जब तक यात्री स्क्रीन गेट से पार होकर प्लेटफार्म पर पूरी तरह नहीं पहुंचेगा, तब तक प्लेटफार्म का स्क्रीन गेट बंद नहीं होगा। इस स्क्रीन गेट के बंद होने के बाद ही मेट्रो प्लेटफार्म से आगे बढ़ेगी। इस तरह मेट्रो में सफर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## इंदौर में लोकसभा चुनाव निरस्त करने की मांग

**इंदौर।** इंदौर लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन फार्म जमा कराने वाले एक प्रत्याशी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर चुनाव निरस्त करने की मांग की है। प्रत्याशी का कहना है कि मैंने नामांकन फार्म वापस नहीं लिया था। मैंने किसी को नामांकन फार्म वापस लेने के लिए अधिकृत नहीं किया था। हाई कोर्ट में यह याचिका निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन फार्म जमा करने वाले धर्मेंद्र सिंह झाला ने दायर की है। इसमें कहा है कि झाला ने नामांकन जमा किया था, लेकिन उनका नामांकन वापस हो गया था। झाला की ओर से एडवोकेट कपिल शुक्ला ने बताया कि झाला का नामांकन उन्होंने वापस नहीं लिया था।

# पारिवारिक पार्टियों और घोटालेबाजों का है इंडी गठबंधन : नड्डा

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन पारिवारिक पार्टियों और घोटालेबाजों का गठबंधन है, इनमें से कुछ जेल में है तो कुछ बेल पर है। ये दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग का हक छीन कर धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहते है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते कभी नहीं कर पाएंगे। सागर संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में सिरोंज में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि आज देश के लोगों को यह जानना जरुरी है कि एक तरह नरेंद्र मोदी है तो दूसरी तरफ कौन है। दूसरी तरफ घमंडिया गठबंधन है। मोदी जी कहते है , भ्रष्टाचार हटाओ और ये कहते है भ्रष्टाचारियों को बचाओ। ये भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धरती, आकाश और पाताल लोक में तक भ्रष्टाचार किया। उन्होंने कांग्रेस के अलावा अखिलेश यादव, लालू यादव और अरविंद केजरीवाल तक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। नड्डा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि 20 साल पहले तक बीमारू राज्यों में म मध्यप्रदेश का था। ब , बिहार का, र राजस्थान का और ऊ उत्तर प्रदेश का था लेकिन बीते 18 वर्षों में मध्यप्रदेश विकसित राज्यों की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवें स्थान पर है और आने वाले दो वर्षों में यह अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय सेना के जवानों को दिल्ली की मंजूरी का इंतजार करना पड़ता था लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें मुंह तोड़ जवाब देने की आजादी है। जवानों को घर में घुसकर मारने की ताकत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिली है। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से आव्हान किया कि वे लोकतंत्र के उत्सव में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएं।



## मुरैना में बोलीं प्रियंका वाड्रा- अपने पिता के टुकड़े घर लाई, उन्हें विरासत में शहादत मिली पैसा नहीं

- **कांग्रेस की अवधारणा ही हिंदू धर्म है, क्योंकि हिंदू धर्म सत्य है। सत्यमेव जयते ही हमारी धारणा है।**



**मुरैना।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को मुरैना में चुनावी सभा को संबोधित करते कहा कि जिस वैक्सीन के सर्टिफिकेट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोटो लगा था, उस वैक्सीन से लोगों को दिल का दौरा पड़ सकता है और अचानक वे मर भी जाते हैं। कोई जिम कर रहा है, कुछ और काम कर रहा है, मंच पर भाषण दे रहा है और वह वहीं पर गिरकर मर गया। उस वैक्सीन की कंपनी से मोदी जी की पार्टी ने चंदा भी लिया है प्रियंका ने महंगाई, भ्रष्टाचार, खेती-किसानी से लेकर अग्निवीर के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री को घेरा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोरल बांड की सच्चाई सामने आने के बाद पता लगा कि भाजपा देश की सबसे धनवान पार्टी है। जैसे गुंडे वसूली करते हैं, वैसे भाजपा सरकार चंदा वसूली कर रही है। उनके पास पैसा छापा मरवा कर, केस लगवा कर और चंदा लेकर आया। मोदी जी जनता से कट गए हैं। 10 साल से इवेंटबाजी दिखा रहे हैं, धर्म के नाम पर भटकाते हैं। हम सब धार्मिक हैं, इस देश में सब धार्मिक है।

# दिग्विजय ने पूछा किसे नहीं है कांग्रेस के गारंटी कार्ड की जानकारी और उनके भाई ने ही उठा दिया हाथ

### दिग्विजय सिंह बोले- हमारे भाई को ही कांग्रेस की गारंटी नहीं मालूम, तो हमारी नेतागीरी कैसे चलेगी।



**गुना।** राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्वजय सिंह बुधवार को राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के आवन कस्बे में सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गारंटी कार्ड की जानकारी होने का जनता से सवाल किया। साथ ही कहा कि जिसे न हो हाथ उठाकर बताए। इसी बीच मंच पर बैठे अनुज व चांचौड़ा के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने हाथ उठाकर गारंटी कार्ड की जानकारी न होने की बात कही। यह सुनते ही दिग्विजय सिंह चौक गए। इसके बाद उन्होंने गारंटी कार्ड मंगवाकर अपने छोटे भाई को दिया और पढ़ने की सलाह दी। दरअसल, आवन की सभा में पूर्व मुख्यमंत्री व राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन सिंह शामिल हुए थे। लेकिन कुछ ही देर बाद उनके अनुज लक्ष्मण सिंह भी सभा में पहुंच गए। इस दौरान दिग्विजय ने उन्हें मंच पर बुला लिया। इसके बाद पूव मुख्यमंत्री सिंह ने भाषण शुरू किया। उन्होंने जनता से कांग्रेस के गारंटी कार्ड के बारे में पूछा कि जिसे जानकारी न हो, अपना हाथ उठाए। इस पर अनुज लक्ष्मण सिंह ने मंच पर हाथ उठाकर कहा कि हमें गारंटी के बारे में जानकारी नहीं है। यह सुनते ही दिग्विजय सिंह भौचक्के रह गए। उन्होंने मंच से कहा कि हमने गारंटी कार्ड घर-घर बंटवाए हैं, जाकर ले आओ।

### जनसंघ से जुड़े लोगों की तारीफ

सभा के दौरान दिग्विजय सिंह ने जनसंघ से जुड़े लोगों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि विचारधारा का विरोधी हूं, लेकिन जनसंघ के लोगों की प्रतिबद्धता का कायल हूं। वहीं उन्होंने पार्टी छोड़ने वालों को बिन पेंदी का लोटा बताया। मैं जिस पार्टी में हूं, उसकी हालत कितनी भी खराब हो जाए, मैं आखिरी सांस तक उसी पार्टी में रहूंगा।

### शिक्षा का दोहरी करण

पूरे देश के स्कूल की किताब एक जैसी होना चहिये
मुफ्त मे शिक्षा का कानून लोकसभा मे पास होना चाहिए

प्राइवेट स्कूल की कला बाजारी बंद होना चहिये
एक देश एक पाठ्यक्रम एक मूल्य होना चहिये

शिक्षा का प्राइवेटी दोहरी करण बंद होना चहिये
अमीरी गरीबी की खाई शिक्षा मे एक होना चहिये

PM DM गरीब,के बच्चे की शिक्षा समान होनी चाहिये
विकसित भारत मे शिक्षा तो मुफ्त मे मिलना चहिये

एकदेश एक कानून तो शिक्षा भी एक होनी चाहिए।
हिन्दु राष्ट्र मे शिक्षा का व्यबसाई करण बंद होना चहिये

**मोहन मांडरे**
**जिला क्षय केन्द्र विदिशा**

# लोकतंत्र में सबकी हिस्सेदारी आवश्यक ट्रांसज़ेंडर्स फ़ैशन शो के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश






**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता का संदेश देने एवं सभी भोपाल वासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने दस नंबर स्थित राग भोपाली में ट्रांसज़ेंडर्स फ़ैशन शो का आयोजन किया गया। इस फैशन शो में रैंप पर ट्रांसजेंडर्स के द्वारा विभिन्न आकर्षक परिधान में वॉक कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।साथ ही इस फैशन शो में बुजुर्ग, फर्स्ट टाइम वोटर एवं अन्य प्रतिभागी भी शामिल हुए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल सहित भारी संख्या में आम जन उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस अवसर पर सभी भोपाल वासियों से 7 मई 2024 को अपने मताधिकार का उपयोग शत प्रतिशत करने की अपील। उन्होंने कहा की लोकतंत्र के इस उत्सव में हमे भोपाल को नंबर वन बनाना है। कलेक्टर ने कहा लोकतंत्र में सबकी हिस्सेदारी समावेशी,सुगम मतदान हम सबकी जिम्मेदारी है।

# रायसेन जिले में आग से बड़ा हादसा होने से बचा

**संवाददाता हेमंत शाक्या**



**रायसेन।** रायसेन जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील सुल्तानपुर वार्ड नंबर 5 काली चोक साहू मोहल्ला निवासी साहू परिवार के मकान में रात को 11ः00 बजे अचानक एक घर में आग लग गई जो कि मकान कच्चा था तो वहीं के निवासियों को आग बुझाने में काफ़ी परेशानी हुई। आग बुझाने में आस-पड़ोस के बहुत सारे लोगों ने प्रयास किया परंतु आग पर काबू ना पा सके । तत्पश्चात् नगर पंचायत सुल्तानपुर की फायर ब्रिगेड ने आकर काबू किया यह घटना बीच सुल्तानपुर की है समय पर पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजनाथ हेमराज मीना घटना स्थल पर पहुंच गए। ओर भी अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रसित लोगों को सांत्वना देते हुए कहा कि वह चिंता न करें सरकार उनकी सहायता अवश्य करेगी।

# भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ की कार्रवाई

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड को तत्काल प्रभाव से काम बंद करने का निर्देश दिया है। रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने कोटक महिन्?द्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगाने के निर्देश दिया है। केन्?द्रीय बैंक ने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को शामिल करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।निर्देश के अन्तर्गत अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को शामिल करना और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने और शामिल है । हालाँकि, बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करना जारी रखेगा। वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक की बैंक की आईटी जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से संबोधित करने में बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर ये कार्रवाई आवश्यक हो गई है। आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन, पैच और परिवर्तन प्रबंधन, उपयोगकर्ता पहुंच प्रबंधन, विक्रेता जोखिम प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और डेटा रिसाव रोकथाम रणनीति, व्यापार निरंतरता और आपदा वसूली कठोरता और ड्रिल आदि के क्षेत्रों में गंभीर कमियां और गैर-अनुपालन देखे गए। लगातार वर्षों में, नियामक दिशानिर्देशों के तहत आवश्यकताओं के विपरीत, बैंक को अपने आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया था। बाद के आकलन के दौरान, बैंक को वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सुधारात्मक कार्य योजनाओं के साथ काफी गैर-अनुपालनकारी पाया गया, क्योंकि बैंक द्वारा प्रस्तुत अनुपालन या तो अपर्याप्त, गलत या






प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

April 24, 2024

**Supervisory Action against Kotak Mahindra Bank Limited under Section 35A of the Banking Regulation Act, 1949**

The Reserve Bank of India has today, in exercise of its powers under Section 35A of the Banking Regulation Act, 1949, directed Kotak Mahindra Bank Limited (hereinafter referred to as 'the bank') **to cease and desist, with immediate effect, from (i) onboarding of new customers through its online and mobile banking channels and (ii) issuing fresh credit cards**. The bank shall, however, continue to provide services to its existing customers, including its credit card customers.

These actions are necessitated based on significant concerns arising out of Reserve Bank's IT Examination of the bank for the years 2022 and 2023 and the continued failure on part of the bank to address these concerns in a comprehensive and timely manner. Serious deficiencies and non-compliances were observed in the areas of IT inventory management, patch and change management, user access management, vendor risk management, data security and data leak prevention strategy, business continuity and disaster recovery rigour and drill, etc. For two consecutive years, the bank was assessed to be deficient in its IT Risk and Information Security Governance, contrary to requirements under Regulatory guidelines. During the subsequent assessments, the bank was found to be significantly non-compliant with the Corrective Action Plans issued by the Reserve Bank for the years 2022 and 2023, as the compliances submitted by the bank were found to be either inadequate, incorrect or not sustained.

In the absence of a robust IT infrastructure and IT Risk Management framework, the bank's Core Banking System (CBS) and its online and digital banking channels have suffered frequent and significant outages in the last two years, the recent one being a service disruption on April 15, 2024, resulting in serious customer inconveniences. The bank is found to be materially deficient in building necessary operational resilience on account of its failure to build IT systems and controls commensurate with its growth.

In the past two years, the Reserve Bank has been in continuous high-level engagement with the bank on all these concerns with a view to strengthening its IT resilience, but the outcomes have been far from satisfactory. It is also observed that, of late, there has been rapid growth in the volume of the bank's digital transactions, including transactions pertaining to credit cards, which is building further load on the IT systems.

The Reserve Bank, therefore, has decided to place certain business restrictions on the bank as mentioned above, in the interest of customers and to prevent any possible prolonged outage which may seriously impact not only the bank's ability to

टिकाऊ नहीं पाया गया। एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे और आईटी जोखिम प्रबंधन ढांचे के अभाव में, बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) और इसके ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग चैनलों को पिछले दो वर्षों में लगातार और महत्वपूर्ण रुकावटों का सामना करना पड़ा है, हाल ही में अप्रैल में सेवा में व्यवधान हुआ था।

15, 2024, जिसके परिणामस्वरूप ग्राहकों को गंभीर असुविधाएँ हुईं। अपनी वृद्धि के अनुरूप आईटी सिस्टम और नियंत्रण बनाने में विफलता के कारण बैंक को आवश्यक परिचालन लचीलापन बनाने में भौतिक रूप से कमी पाई गई है। पिछले दो वर्षों में, रिज़र्व बैंक अपने आईटी लचीलेपन को मजबूत करने की दृष्टि से इन सभी चिंताओं पर बैंक के साथ लगातार उच्च-स्तरीय जुड़ाव में रहा है, लेकिन परिणाम संतोषजनक नहीं रहे हैं। यह भी देखा गया है कि, हाल ही में, बैंक के डिजिटल लेनदेन की मात्रा में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसमें क्रेडिट कार्ड से संबंधित लेनदेन भी शामिल है, जिससे आईटी सिस्टम पर और अधिक भार बढ़ रहा है। इसलिए, रिज़र्व बैंक ने ग्राहकों के हित में और किसी भी संभावित लंबे समय तक आउटेज को रोकने के लिए, बैंक पर कुछ व्यावसायिक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है, जो न केवल बैंक की कुशल ग्राहक सेवा प्रदान करने की क्षमता बल्कि वित्तीय पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकता है। डिजिटल बैंकिंग और भुगतान प्रणालियों का पारिस्थितिकी तंत्र।अब लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा आरबीआई की पूर्व मंजूरी के साथ बैंक द्वारा शुरू किए जाने वाले एक व्यापक बाहरी ऑडिट के पूरा होने पर की जाएगी, और बाहरी ऑडिट में बताई गई सभी कमियों के साथ-साथ इसमें शामिल टिप्पणियों को भी दूर किया जाएगा। रिज़र्व बैंक की संतुष्टि के लिए आरबीआई निरीक्षण। इसके अलावा, ये प्रतिबंध किसी भी अन्य नियामक, पर्यवेक्षी या प्रवर्तन कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना हैं जो रिज़र्व बैंक द्वारा बैंक के खिलाफ शुरू की जा सकती है।

# नाइट्रोजन स्मोक बिस्किट खाने के बाद लड़का हुआ बीमार तरल नाइट्रोजन हो सकती है घातक

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



पिछले कई महीनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वाइरल हो रहा है। वीडियो में नाइट्रोजन स्मोक बिस्किट खाने के बाद एक लड़का दर्द से तड़पता हुआ नज़र आ रहा है। जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है, लड़का दर्द से चिल्लाता हुआ और मदद मांगता हुआ दिखाई दे रहा है स्मोक्ड बिस्किट के सेवन के कारण उसकी तबीयत बिगड़ने लगती है। वीडियो कहाँ का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है लेकिन वीडियो ने इस बात पर चर्चा छेड़ दी है कि लोगों को अपने बच्चों को ऐसे उत्पादों का सेवन कराने से सावधान रहना चाहिए। आजकल लोगों में व्यंजनों को आकर्षक बनाने के लिए कैफे और रेस्तरां में तरल नाइट्रोजन के सेवन का चलन हो गया है लेकिन क्या तरल नाइट्रोजन का सेवन स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है? एक रिसर्च के अनुसार तरल नाइट्रोजन से स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है। तरल नाइट्रोजन का वाष्प त्वचा के ऊतकों और आंखों के तरल पदार्थ को तेजी से जमा सकता है। जिसके फलस्वरूप जलन, शीतदंश और कुछ देर संपर्क में आने से भी आंखों की स्थायी क्षति हो सकती है। तरल नाइट्रोजन मनुष्य के स्वास्थ्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकता है इस बात को विस्तार से जानते हैं । तरल नाइट्रोजन का सेवन सुरक्षित नहीं है सीधे ग्रहण करने से संभावित रूप से मुंह,गले, पाचनतंत्र और पेट में गंभीर जख्म हो सकते है। तरल नाइट्रोजन अत्यधिक ठंडा होता है और यह संपर्क में आने पर ऊतकों को जमा देता है, जिसके फलस्वरूप शीतदंश या ऊतक क्षति हो सकती है। यदि निगल लिया जाए, तो तरल नाइट्रोजन तेजी से गैस में बदल जाता है । जिससे पाचन तंत्र के भीतरी दबाव में अत्यधिक वृद्धि हो सकती है, जिससे अंगों में छिद्र या टूटना हो सकता है। इससे गंभीर पेट दर्द, मतली, उल्टी और भी कई गंभीर स्थिति पैदा हो सकती हैं।आम तौर पर, तरल नाइट्रोजन सभी उम्र के लोगों के लिए सुरक्षित नहीं है, लेकिन खास तौर पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को इसके सेवन से पूरी तरह बचना चाहिए। बच्चे तरल नाइट्रोजन की अत्यधिक ठंड के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इनसे उत्पन्न खतरों के बारे में कम जागरूक होते हैं। गर्भवती महिलाओं को भी तरल नाइट्रोजन के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इससे उनके और भ्रूण दोनों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।इसके अलावा जो लोग श्वास संबंधी समस्याओं या एलर्जी से ग्रस्त हैं उन लोगों को भी तरल नाइट्रोजन गैस को अंदर लेने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे श्वास अवरोध हो सकता है या मौजूदा श्वसन समस्याएं बढ़ सकती हैं।

# पुलिस ने लूट की कई वारदातों में मोबाईल वाहन सोने-चांदी के जेवरात सहित आरोपियों से साढ़े चार लाख का सामान जब्त किया

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

आरोपी, इंदौर से 2 मो.सा. चोरी कर 3 मोबाईल छिनकर भोपाल में बेचने की फिराक में थे कि तभी दबोच लिये गये। जिनसे भोपाल की 1 नकबजनी सहित 8 मोबाइल स्नेचिंग की घटनाओं का हुआ खुलासा।आरोपी भोपाल एवं इदौर में देते थे घटनाओं को अंजाम। पेंटर बनकर करते थे एरिया की रैकी। दोनो आरोपी मंहगे शौक पूरा करने, देते थे घटना को अंजाम।दोनो आरोपी पर हैं चोरी, नकबजनी, लूट, आर्म्स एक्ट तथा मारपीट के अपराधिक रिकार्ड। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व मे गठित टीम ने 2 शातिर नकबजनो से चोरी की मो.सा. व 11 चोरी व लूट के मोबाईल सहित कुल 14 घटनाओं का खुलासा करते हुये लगभग 4 लाख 50 हजार रुपये का सामान बरामद करने मे सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपी पुताई का काम करते हैं । मुखबिर की सूचना पर एक निजी स्कूल के सामने अयोध्या नगर भोपाल पहुचे जहां दो लडके एक बिना नम्बर की मोटर सायकल व एक सफेद रंग की स्कूटी पर बैठे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगे उन्हें घेराबंदी कर पकडा गया पूछताछ करने पर एक की उम्र-20 साल तथा दूसरे की उम्र 26 साल दोनों आरोपी पिपलानी भोपाल के रहने वाले हैं। एक आरोपी से उसके हाथ मे रखे हुये मोबाईल के बारे मे पूछताछ करने पर पता चला कि गई यह मोबाईल उसने 10-15 दिन पहले बस मे से एक व्यक्ति की जेब से चोरी किया था। उसके साथ उसका दोस्त भी था तलाशी लेने पर उसके पास से एक और अन्य कम्पनी का मोबाईल मिला जो उसने बारे मे उससे पूछताछ की गई जिसने अयोध्यानगर चौराहा के पास से चुराना स्वीकार किया तथा मोटर साईकिल व स्कूटी के बारे मे पूछताछ करने पर बताया कि करोल बाग कालोनी इन्दौर से चुराया है स्कूटी की डिग्गी की तलाशी ली गई तो स्कूटी






की डिग्गी से ग्यारह अलग अलग कम्पनी के मोबाईल जिनमें कुछ महँगे फोन भी थे । इन मोबाईलो के बारे मे दोनो से पूछने पर बताया कि उन्होने ये इंदौर से 3 मोबाइल तथा भोपाल की अलग अलग जगह से 8 मोबाइल चुराना छीनना बताया। इसके बाद पुलिस ने अन्य प्रकरण के बारे में पुछताछ करने पर आरोपियों के पास से डेड़ माह पहले अयोध्यानगर में हुई लूट के सोने चांदी के आभूषण बरामद किये। इस तरह दोनो आरोपियों से कुल 14 घटनाओं का खुलासा कर लगभग कुल 4,50,000 रुपये का चोरी का सामान बरामद किया गया।

# डॉ बी बी कुमार राजेश मेडिकल स्टोर कोतमा मे देंगे परामर्श

कैलाश कुमार - सह संपादक

**अनूपपुर** । अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के मशहूर डॉ बी बी कुमार 06 मई कों कोतमा के राजेश मेडिकल स्टोर मे परामर्श देंगे और मनेंन्द्रगढ़ के शिव मेडिकोज परामर्श देंगे समस्त गठिया रोग एवं वातरोग विशेषज्ञ डॉ बी बी कुमार कोतमा और मनेंन्द्रगढ़ के मेडिकल में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिन मरीजों को गठियावात की शिकायत, आस्टियो आर्थराईटिस, सोरियाटिक गठिया,रीढ़ की हड्डी का दर्द, पीठ दर्द, अस्थिसमेकन, जोड़ों का दर्द, बार- बार मुंह में छाले होना, हाथ एवं पैर की उंगलियां तिरछी हो जाना, चेहरे पर लाल चट्टे आना, आंखों एवं त्वचा का बार-बार सूखना एवं हाथ एवं पैर की उंगलियां नीली सफेद व काली पड़ जाने जैसी समस्याएं हैं, ऐसे मरीज 06 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिव मेडिकोज सेंट्रल हॉस्पिटल आमाखेरवा रोड मनेंन्द्रगढ़ में डाक्टर से परामर्श के लिए मिल सकते हैं एवं दोपहर 4 बजे से 6 बजे तक राजेश मेडिकल स्टोर हॉस्पिटल रोड कोतमा में डाक्टर से परामर्श के लिए मिल सकते हैं रजिस्ट्रेशन या जानकारी के हेतु संपर्क 8817871749 करें!






ग्रीष्मकालीन समर कैम्प की सामूहिक योगाभ्यास से हुई शुरूआत

# खेल प्रशिक्षकों, पीटीआई ने प्रतिभागियों को प्रदान किया प्रशिक्षण

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

अनूपपुर - जिले के सभी विकासखण्डों में आज ग्रीष्मकालीन समर कैम्प की शुरुआत की गई। प्रातःकाल सामूहिक योगाभ्यास, पीटी से कार्यक्रम का आगाज किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा के दिशानिर्देशानुसार समर कैम्प में विविध खेलों के आयोजन हेतु खेल प्रशिक्षकों की तैनातगी की गई है। जिले के जैतहरी विकासखण्ड अंतर्गत अमलाई कालरी स्टेडियम, पटनाकला मैदान, चचाई स्टेडियम, मेड़ियारास मैदान, मेकल क्लब खेल परिसर, उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान व एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के खेल मैदान, उत्कृष्ट जैतहरी स्कूल के खेल मैदान में तथा अनूपपुर विकासखण्ड अंतर्गत राजनगर स्टेडियम, भालूमाड़ा स्टेडियम, जमुना कालरी स्टेडियम तथा बैडमिन्टन हाल में इसी प्रकार विकासखण्ड कोतमा में लहसुई स्टेडियम



कोतमा, बिजुरी स्कूल मैदान, विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ में क्रीड़ा परिसर मैदान में, भेजरी मैदान, लखौरा मैदान, करपा मैदान में खेल विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प में 31 मई तक खेलकूद, सांस्कृतिक, चित्रकला व मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम मे आज सुबह6 बजे जिला खेल परिसर मे व्हालीवाल कराटे खेल का शुभारम्भ किया गया इस कार्यक्रम मे जिला व्हालीवाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, मो नईम मंसूरी एस शानुल हक महेन्द्र सिंह पीटीआई मनीष सिंह सनबीम स्कुल धनीराम पीटीआई भारत ज्योती स्कूल कु रुपाली जायसवाल कराटे कोच बाल मुकुन्द सिंह राम भुवन त्रिपाठी राम सिंह सिनियर खिलाडी उपस्थित थे कार्यक्रम का आयोजन मे रामचन्द्र जिला खेल प्रशिक्षक,अजय मंडलोई का भी सहयोग रहा खेल और युवा कल्याण विभाग का सहयोग रहा। समर कैम्प में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के खेल प्रशिक्षकों, पीटीआई द्वारा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण







संवादाता - राजू राय

शहडोल - कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद के मार्गदर्शन व निर्देशन में ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एवं सांस्कृतिक, चित्रकला, योगा, का निःशुल्क प्रशिक्षण 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालय के गाँधी स्टेडियम शहडोल एथलेटिक्स प्रशिक्षक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, हैण्डवाल प्रशिक्षक सुश्री श्रीदेवी स्वामी, बालीवाल प्रशिक्षक श्री रतन सिंह ठाकुर, खेल और युवा कल्याण बास्केटवाल प्रशिक्षक के. के. श्रीवास्तव जनजाति कार्य विभाग, बैडमिन्टन प्रशिक्षक श्री सतेन्द्र सोनी श्री मोनी श्रीवास्तव योग प्रशिक्षक पुष्पलता पटेल, श्री सौरभ द्विवेदी पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय, सरस्वती उच्चतर माधमिक विद्यलाय पाण्डवनगर कबड्डी प्रशिक्षक श्रीमती कल्पना अहिरवार खेयुक, खो-खो प्रशिक्षक जीतेन्द्र पटेल योग प्रशिक्षक श्री केशरवानी पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय विराट मार्शलआर्ट एकाडमी गढी सोहागपुर प्रशिक्षक प्रमोद विश्वकर्मा लाठी, जूडो प्रशिक्षक अजय कुमार सोधिया खेयुक, श्री किशोर साकेत पं शम्भूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल, योग प्रशिक्षक कु0 गोल्डी पाल पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय ज्ञानोदय अग्रेजी मिडियम स्कूल, बाक्सिंग बुशू ताईक्वांडों, प्रशिक्षक अंशुमान सिंह, श्री आकाश पुरी गोस्वामी, श्री उज्जवल शुक्ला, योग प्रशिक्षक प्रियंका गुप्ता चित्रकला एवं पेन्टींग प्रशिक्षक सुश्री मनीषा सोंधिया प्रभारी श्री अजय सिंह संचालक ज्ञानोदय उ.मा.वि.पुलिस लाइन शहडोल, शान्ती मेमोरियल इन्टरनेशनल स्कूल सेपराटेकरा, कराते, प्रशिक्षक रामकिशोर चौरासिया, रेल्वे ग्राउण्ड फुटवाल, खो-खो, प्रशिक्षक श्री अनिल सिंह, श्री शंकर दाहीया, रहीम खान, इन्द्रजीत योग प्रशिक्षक राहुल मांझी, फुटवाल स्मॉल सेन्टर विचारपुर फुटवाल प्रशिक्षक सुश्री लक्ष्मी सहीस खेल और युवा कल्याण, सुश्री यासोदा सिंह, श्री नरेश कुण्डे, विचारपुर योग प्रशिक्षक श्री मनीष पाण्डेय पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय खेल मैदान प्रभारी अजय कुमार सोधिया ब्लाक युवा समन्वयक सोहागपुर खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल सास्कृतिक शिविर प्रशिक्षक प्रभारी गाँधी स्टेडियम लकी चतुर्वेदी सोहागपुर गढी रोड शारदा संगीत महाविद्यालय प्रशिक्षण प्रभारी श्री मनोज वर्मा योग प्रशिक्षण शिविर छतवई खेल मैदान प्रशिक्षक अशीष द्विवेदी ने ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार अन्य विकासखंडों में प्रशिक्षण शिविर लगाये गये है। जिसके ब्लाक प्रभारी बुढार श्रीमती रजनी मेश्राम, जयसिंहनगर श्रीमती सोनू वर्मा, गोहपारू श्री दयानन्द सोधिया, ब्यौहारी सुश्री कोमल नामदेव ब्लाक युवा समन्वयक खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल एवं संबंधित ब्लाक के जनजाति विभाग के प्रशिक्षक शिक्षा विभाग के प्रशिक्षक खेल संघों के प्रशिक्षकों के द्वारा ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

# रायसेन जिले में गांव गांव जाकर निकाली जा रही मतदाता जागरूकता रैली

संभाग पत्रकार हेमंत शाक्य रायसेन




**रायसेन** - तहसील सुल्तानपुर ग्राम आफतनगर में वनवासी कल्याण परिषद के शिक्षा संस्कार केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता रैली जन जन को जागरूक करने के लिए और शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु जागरूक करने के लिए संपूर्ण ग्राम में रैली निकल गई जिसमें ग्राम वासियों और विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया अगर इसी प्रकार सहयोग बना रहा तो शत प्रतिशत मतदान होना निश्चित है। ओर इसी प्रयास में राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा भी बार बार तथा संभव प्रयास व अपील की जा रही हैं।

# शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। आज दिनांक 01/05/2024 को महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नु बडकुड द्वारा मां सरस्वती जी के समक्ष द्वीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया एवं उन्होंने मजदूर दिवस पर मजदूरों के संदर्भ में उनके कठिन परिश्रम एवं विकासशील देश में उनका क्या योगदान है? पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम के आयोजन करता महाविद्यालय के ग्रंथपाल श्री सत्येंद्र कुमार आठिया द्वारा मजदूर दिवस क्यों मनाया जाता है? विश्व के संदर्भ में इसका क्या इतिहास है एवं भारत के संदर्भ में सरकार द्वारा क्या नीतियां लागू की गई हैं? इत्यादि पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी श्री पंकज आर्य द्वारा देश की अर्थव्यवस्था के निर्माण में मजदूरों का क्या योगदान रहता है, पर विचार रखें। इस कार्यक्रम का संचालन



श्री ओपी वर्मा द्वारा किया गया और सामाजिक परिपेक्ष में मजदूरों द्वारा परिवर्तन एवं उनके द्वारा नव प्रवर्तन अपना कर किस प्रकार समाज में सकारात्मक कार्य किए जाते हैं, पर विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के इस कार्यक्रम में डॉ पार्वती व्याघ्रे,श्री श्याम सुंदर प्रजापति, श्री प्रतीक लोधी, श्री काशीराम चौधरी एवं साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।।

# बाल चौपाल में बच्चों ने अपनी पसंद की कहानी पढ़ी

**पत्रकार बीआर अहिरवार**

**जनशिक्षा केंद्र शाहगंज।** अंतर्गत प्राथमिक शाला जहानपुर और प्राथमिक शाला खटपुरा सहित सभी शालाओं में मिशन अंकुर स्वस्थ कार्यक्रम के तहत बाल चौपाल का आयोजन किया गया। बाल चौपाल के लिए शिक्षकों ने बच्चों के साथ साथ पालको को भी आमंत्रित किया था 7 शिक्षिका उषा अहिरवार , ममता तिवारी महेश पालीवाल और घन श्याम प्रजापति द्वारा भाषा एवं गणित की अलग-अलग गतिविधियाँ खेल के माध्यम से कराई गई। जनशिक्षक ओमहरी तिवारी द्वारा बताया गया कि बाल चौपाल में बच्चों द्वारा पुस्तकालय से मनपसंद कहानी खोजकर पढ़ना, शब्दों की अंताक्षरी, मेरा अखबार, बोलो भाई कितने, आकृतियों का खेल, कितने कदम की रेखा आदि गतिविधियों को शिक्षक द्वारा खेल के माध्यम से कराया गया। मैंने स्कूल अवलोकन के दौरान देखा कि बच्चों के साथ-साथ पालकों ने भी गतिविधियों में सहभागिता की और बच्चे सभी गतिविधियों में सक्रीय रूप से भागीदारी कर रहे थे। पालकों द्वारा बाल चौपाल के बारे में बताया कि बच्चों को खेल में ज्यादा मज़ा आता है उनके साथ हमने भी गतिविधियों में भागीदारी की बहुत अच्छा लगा। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की रुचि बढती है और स्कूल जाते है। जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत समस्त प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों ने घर-घर जाकर पालकों और समुदाय के लोगो को शाला आने के लिए संपर्क कर बाल चौपाल आयोजित कर गतिविधियाँ कराई गई जिससे शालाओं में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है। जनपद शिक्षा केंद्र बुदनी की टीम, मिशन अंकुर के ब्लॉक प्रभारी टेकचंद प्रजापति द्वारा भी कार्यक्रम का अवलोकन किया गया।

# परीक्षा मंडल के माध्यम से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2024 का आयोजन किया

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यूजीसी नें सेट परीक्षा के लिए व्यापम को परीक्षा एजेंसी के रूप में मान्यता दी है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सहायक प्राध्यापक पद के लिए योग्य घोषित करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। ज्ञात हो कि यह परीक्षा पूर्णतः यूजीसी नेट के मापदंडों के अनुसार आयोजित की जाती है जिसमें विभिन्न विषयों में वर्गवार कटऑफ अंक के साथ परीक्षा परिणाम जारी किया जाता है। यह अवसर छात्रों को 2019 के बाद 5 वर्षों पश्चात मिल रहा है। इन 5 वर्षों में कई छात्र स्नातकोत्तर होने के बाद इस परीक्षा में शामिल होंगे, परन्तु इस महत्वपूर्ण परीक्षा में छत्तीसगढ़ के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (श्वङ्कस्) के योग्य छात्र वंचित हो जाएंगे, जिसका मुख्य कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश में 5 वर्ष बाद भी 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लागू नहीं हो पाना है, जबकि यूजीसी नेट में यह पिछले 5 वर्षों से लागू है। इस स्थिति में छत्तीसगढ़ के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र यूजीसी नेट की परीक्षा में तो शामिल हो सकतें है लेकिन सीजी-सेट की परीक्षा से वे अपने वर्ग से वंचित हो जाएंगे। इसका कारण यह है कि यूजीसी नेट अपना परीक्षा परिणाम अन्य वर्गों के साथ ही ईडब्ल्यूएस वर्ग के 10 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर भी जारी करता है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को लाभ पहुंचाना है, वही सेट परीक्षा 2024 में इसका कोई भी प्रावधान नहीं है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य के अनेक योग्य ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थी अपने अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि 2019 में केन्द्र सरकार द्वारा 103 वां संविधान संशोधन कर भारत के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को शैक्षणिक संस्थानों, भर्ती परीक्षाओं एवं पात्रता परीक्षाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जिसके आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के कई युवा छात्र एवं अभ्यर्थी जो इस वर्ग में आते हैं उन्होंने अपना प्रमाण पत्र बनवाया है परंतु छत्तीसगढ़ राज्य में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू नहीं होने के कारण छात्रों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति छत्तीसगढ़ में व्यापंम द्वारा ली जाने वाली 2024 की सेट परीक्षा के परिणामों पर भी दिखाई देगी। इसीलिए छत्तीसगढ़ के ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों के लिए तथा 2024 की सेट परीक्षा में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने के लिए अभ्यावेदन राज्यपाल सचिवालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, उच्च शिक्षा मंत्री कार्यालय, सचिव छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव उच्च शिक्षा विभाग एवं आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग को सौपा है। जिसमें यह मांग की गई है कि नेट परीक्षा की भांति ही सेट परीक्षा में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू कर परीक्षा आयोजित की जाए एवं परिणाम जारी किए जाएं, जिससे ईडब्ल्यूएस वर्ग को भी उनका संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो सके।

### प्रदेश में नीट (NEET) परीक्षा में लागू है 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण।

ध्यान देने योग्य बात यह कि प्रदेश में राज्य कोटा के नीट की सीटों में ईडब्ल्यूएस का 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्व में ही लागू कर दिया गया है जबकि प्रदेश में अन्य सभी प्रवेश, भर्ती एवं योग्यता परीक्षाओं में इसे अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे प्रदेश की विभिन्न परीक्षाओं में यह वर्ग लगातार कई वर्षों से वंचित हो रहा है।

### अन्य प्रदेशों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण हो चुका है लागू।

देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू है। केवल छत्तीसगढ़ राज्य के ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्र एवं अभ्यर्थी अपने इस संवैधानिक अधिकार से पिछले 5 वर्षों से वंचित है क्योंकि छत्तीसगढ़ में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू ही नहीं किया गया है। इसीलिए छत्तीसगढ़ के ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# कसस में राम रक्षा पनिका प्रांतीय महासचिव, सुनीति सिंगोरिया महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय अध्यक्ष , धर्मेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष सतना बने



**भोपाल।** आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ (ष्टस्न्स्-कसस) के संस्थापक प्रांतीय अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र ने कसस में राम रक्षा पनिका को प्रांतीय महासचिव एवं रीवा संभाग का प्रभारी , श्रीमती सुनीता सिंगोरिया को प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं इंदौर संभाग प्रभारी तथा श्री धर्मेंद्र सिंह परिहार को जिला सतना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र तीनो नवनियुक्त पदाधिकारी को अपने-अपने परिवार वाले संभाग में और जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ को मजबूत करने के साथ-साथ ही संघ का सदस्यता अभियान चलाकर जिला अध्यक्ष अपने जिले में जिला कार्यकारिणी का गठन कर प्राप्त से अनुमोदेश कराकर 15 दिवस में घोषित करने के निर्देश दिए हैं और प्रांतीय महासचिव एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय अध्यक्ष को अपने परिवार वाले संभाग में संभाग के जिलों में संगठन में सक्रियता लाने के लिए कार्य करें तथा अपने शिक्षक अधीक्षक अध्यापक साहित्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण करने के साथ-साथ ही छात्रावास आश्रम ऑन की समस्याओं का भी संघ के माध्यम से निराकरण करने का प्रयास कर करेंगे अपने नियुक्ति पर तीनों पदाधिकारी संघ हित में कार्य करने को कहा है तथा प्रांतीय अध्यक्ष अग्र का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि जो जवाबदारी सोप गई है उसे पर सभी पदाधिकारी खरे उतरेंगे साथी तीनों नव नियुक्त पदाधिकारी को उनके समर्थकों ने बधाई दी है।

# BJP ने कैसरगंज से काटा बृजभूषण सिंह का टिकट, रायबरेली से इन पर लगाया दांव



**एएनआई, नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए कैसरगंज व रायबरेली से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के बेटे करण सिंह को टिकट दिया है। रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा गया है।

**कौन हैं करण भूषण सिंह:** करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। उनके पिता व मौजूदा सांसद बृजभूषण सिंह का टिकट काटकर भाजपा ने उनको चुनावी मैदान में उतारा है। वह डबल ट्रैप शूटिंग में नेशनल खेल चुके हैं। उनके बड़े भाई प्रतीक भूषण सिंह भाजपा के विधायक हैं। पहली बार चुनाव लड़ रहे करण भूषण सिंह ने बीबीए व एलएलबी की पढ़ाई की है। उन्होंने आस्ट्रेलिया से बिजनेस मैनजमेंट से डिप्लोमा किया है। वह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष होने के अलावा सहकारी ग्राम विकास बैंक (नवाबगंज, गोण्डा) के अध्यक्ष हैं।

# भोपाल में मतदाताओं को जागरूक करने KBC की तर्ज पर हुआ क्विज शो




**भोपाल।** मतदान के वक्त लगाए जाने वाले निशान को क्या कहते हैं..., संविधान के किस अनुच्छेद में मतदान करने की आयु 21 से 18 वर्ष की गई...। कुछ ऐसे ही प्रश्न पूछे गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कौन बनेगा वोटर नंबर वन फाइनल क्विज प्रतियोगिता में। एमपी नगर के एक मॉल में आयोजित प्रतियोगिता में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भोपाल के सभी मतदाताओं से 07 मई को मतदान कर भोपाल को नंबर वन बनाने की अपील की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### 300 छात्रों का चयन किया गया

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत पिछले एक माह से युवा वोटरों को जागरूक करने के उद्देश्य से कौन बनेगा वाटर नंबर वन का आयोजन भोपाल के विभिन्न महाविद्यालय में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से जागरूक किया गया। इनमें से 300 छात्रों का चयन किया गया, जिन्होंने गुरुवार को फिनाले में भाग लिया। मतदाता जागरूकता से जुड़े हुए सवाल-जवाब कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर आडियो विजुअल के माध्यम से पूछा गए। कार्यक्रम में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को आकर्षक इनाम भी दिए गए।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु शिक्षक द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा आम नागरिकों को जागरूक

**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्य**

सुल्तानपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा घर-घर जाकर आम नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। एवं उन्हें शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है ।जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़े । आम नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया जा रहा है ।जिससे वे अपने कर्तव्यों को समझें एवं मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर जाएँ । 7 मई 2024 को तृतीय चरण का मतदान संपन्न होने जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वीप गतिविधियों को चलाया जा रहा है । शिक्षक द्वारा गली, चौक, मोहल्ले , सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों को अधिक से अधिक वोट करने के लिए जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है एवं उन्हें मतदान करने हेतु आमंत्रण भी दिया जा रहा है। शिक्षक द्वारा बताया गया है कि दिव्यांग मतदाता भी मतदान केंद्र पर आकर ही मतदान करेंगे,होम वोटिंग नही करेंगे , बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएँ दी जायेंगी जिससे उन्हें मतदान करने में परेशानी ना हो । शिक्षक सुशील शर्मा का कहना है कि यह लोकतंत्र का महापर्व है इसमें भारत के हर नागरिक का योगदान होना चाहिए एवं बढ़ चढ़कर कर मतदान करने में अपनी भूमिका निभाना चाहिए ,शिक्षक द्वारा आम नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अपील की जा रही है जिससे शत प्रतिशत मतदान हो सके ।



# जबलपुर में चार जून को कृषि विवि में किस विधानसभा क्षेत्र की कितने राउंड में होगी गिनती

**जबलपुर।** मतदान के बाद अब गिनती की तैयारी शुरू हो गई है। 4 जून को सुबह 8 बजे से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन एवं कालेज आफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के भवन में की जाएगी। जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए ईव्हीएम पर डाले गए मतों की गणना विधानसभावार अलग- अलग कक्षों में होगी। इस बार जबलपुर संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्रों में से वोटों की गिनती के सर्वाधिक 18-18 राउंड जबलपुर उत्तर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना के होंगे, जबकि सबसे कम 14 राउंड में विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट के वोटों की गणना पूरी होगी। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव में ईव्हीएम में डाले गये मतों की गिनती के लिए कुल138 टेबल लगाने की अनुमति प्रदान की है। इनमें से पाटन और पनागर विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती के लिए 20-20 तथा बरगी और जबलपुर पश्चिम विधानसभा में मतों की गिनती के लिए 18-18 टेबल लगाई जाएंगी। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व, जबलपुर केंट और सिहोरा के मतों की गिनती 16-16 टेबल पर होगी। जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में ईव्हीएम पर डले वोटों की गिनती में 14 टेबल का इस्तेमाल किया जाएगा। लोकसभा चुनाव के लिए जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल आठों विधानसभा क्षेत्र में 2 हजार 139 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। इनमें से पाटन विधानसभा क्षेत्र के 303 मतदान केंद्रों के मतों की गिनती 16 राउंड में पूरी होगी। इस विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती के 16 वें और अंतिम राउंड में 3 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र बरगी, जबलपुर पश्चिम और पनागर में ईव्हीएम पर डाले गए मतों के गिनती के भी 16-16 राउंड होंगे। बरगी विधानसभा के 286 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती के 16 वें और अंतिम राउंड में 16 मतदान केंद्रों, जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 272 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती के 16 वें और अंतिम राउंड में दो मतदान केंद्रों तथा पनागर विधानसभा क्षेत्र के 310 मतदान केंद्रों में डाले गये मतों की गिनती के 16 वें और अंतिम राउंड में दस मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती की जाएगी। जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के 240 मतदान केंद्रों के मतों की गिनती के 18 वें और अंतिम राउंड में दो मतदान केंद्रों तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के 283 मतदान केंद्रों के मतों की गिनती के 18 वें और अंतिम राउंड में ग्यारह मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व में 231 मतदान केंद्रों पर डाले गए मतों की गिनती का काम 15 राउंड में पूरा होगा। यहाँ 15 वें और अंतिम राउंड में सात मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट के 214 मतदान केंद्रों पर पड़े मतों की गिनती के 14 वें और अंतिम राउंड में छह मतदान केंद्रों के वोटों की गणना का पूरा होगा।



कहा जाता है कि आज से 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं की विनती पर ब्रह्माजी ने नृत्य वेद तैयार किया, तभी से नृत्य की उत्पत्ति संसार में मानी जाती है. इस नृत्य वेद में सामवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद व ऋग्वेद से कई चीजों को शामिल किया गया. जब नृत्य वेद की रचना पूरी हो गई, तब नृत्य करने का अभ्यास भरतमुनि के सौ पुत्रों ने किया था.

# तन-मन की लय नृत्य

"अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर विशेष"

हर साल 29 अप्रैल को दुनिया भर में अंतराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया जाता है। इसे पहली बार 1982 में मनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य नृत्य के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रकट करना और लोगों का ध्यान नृत्य की ओर आकर्षित करना है। इसे महान नर्तक जीन जार्ज नावेरे के जन्म दिन पर उनकी याद में मनाया जाता है। इन्हें नृत्य जगत में सुधारक के रूप में जाना जाता है। भारत में भी नृत्य की परंपरा सदियों पुरानी है। ऐसा कहा जाता है कि त्रेता युग में नृत्य की उत्पत्ति हुई है। वर्तमान में भारत में कई तरह के नृत्य प्रसिद्ध हैं, जिनमें भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी, कथकली, मोहिनीअट्टम, कथक आदि प्रमुख हैं।

## भरतनाट्यम

यह नृत्य का सब से प्राचीन प्रकार है तथा बाक़ी सभी नृत्य इसी से प्रेरित हैं। भरत नाट्यम तमिल नाडु का वह नृत्य है जो मंदिरों में किया जाता था, यह नृत्य का एक सुंदर प्रकार है, जिसकी प्रस्तुतियाँ जादुई प्रभाव छोडती हैं और इसका संबंध धार्मिक पुस्तकों और पौराणिक कथाओं से है। फुर्तीली और जटिल लेकिन सफाई से की जाने वाली चेष्टाएँ, नर्तकों की चमकीली पोशाकें और सर से पाँव तक पहने जाने वाले भारी भरकम गहने दर्शकों की नज़रों को बांध लेते हैं। लगातार बदलने वाली लय और उस के साथ नर्तकों का तालमेल आप को स्तब्ध कर देता है।

## सत्रीया

इसकी प्रस्तुति में नृत्य और नाटक का मिश्रण होता है और इसका मूल असम में है। सत्रीया नृत्य की रचना 15वीं सदी में की गई थी और तब से ले कर आज तक यह एक जीवित परंपरा है। यह साधारणतया मठों में, धार्मिक भोज में प्रस्तुत किया जाता है जहाँ नर्तक सुंदर पट रेशम की पोशाक पहन कर और परंपरागत असमी गहनों से सज कर, बांसुरी हारमोनियम और वाइलिन के सुर के साथ और झांझ और ढ़ोल की ताल से कदम ताल मिलाते हुए मन मोह लेने वाला समां बांध देते हैं।

## मणिपुरी

मणिपुरी नृत्य की उत्पत्ति मणिपुर में हुई है। इस दिव्यता से परिपूर्ण नृत्य में कला अपनी बुलंदी पर पहुंच जाती है और देखने वालों को एक आध्यात्मिक अनुभव कराती है। यह नृत्य को अधिकतर राधा-कृष्ण की गाथाओं के इर्द गिर्द बुना जाता है, इस मंद, शांत और शालीन नृत्य में नर्तक मंद स्वर में गाए जाने वाले गीतों पर सुंदर और शालीन चेष्टाएँ करते हैं। इस नृत्य में नर्तकियाँ एक विशेष तरह का घाघरा पहनती हैं, जिसे सरोंग कहते हैं, जबकि नर्तक धोती और पगड़ी पहनते हैं।

## कथक

कहा जाता है कि इस नृत्य की उत्पत्ति बार्डों ने की, जो उत्तर भारत के क्षेत्रों की यात्राएँ किया करते थे। कथक में धार्मिक कथाएँ और किंवदंतियाँ समाहित होती हैं, जिन्हें ताल में पिरो कर प्रस्तुत किया जाता है, तथा इसमें पाँव की ताल, हाथों तथा आँखों की विभिन्न चेष्टाओं के माध्यम से और चेहरे के हाव भाव द्वारा कहानी की बारीकियों को उजागर किया जाता है। कथक नृत्य में नर्तकों की दक्षता देख कर दर्शक मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। नर्तकियाँ लंबा कामदार लहंगा, कामदार चोली और चुनरी में सजी होती हैं।

## ओडिसी

ओडिसी की प्रस्तुति में नर्तकियाँ चमकदार रंग की रेशमी साड़ी में तथा चांदी के गहने और घुँघरू पहनते हैं, यह नृत्य उड़ीसा में उत्पन्न हुआ है। इस नृत्य में पौराणिक और लोक गाथाओं का समावेश होता है। ओडिसी में प्रभावशाली चेष्टाएँ और सुंदर हाव-भाव शामिल होते हैं।

## कुचीपुड़ी

मुख्यतः भगवान श्री कृष्ण के जीवन की घटनाओं का प्रदर्शन करने वाला नृत्य कुचीपुड़ी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का नृत्य है और यह मुख्यतः मंदिर में प्रस्तुत किया जाने वाला नृत्य है। इसमें नर्तकी तह दार साड़ी पहनती है, जो एक पंखे की तरह खुलती है, जब कि नर्तक धोती पहनता है। नर्तक सुंदर गहनों से सजावट करते हैं और झांझ, बांसुरी, वीणा और तंबूरे की सुर-ताल पर नृत्य करते हैं।

## कथकली

केरल में उत्पन्न होने वाली यह शास्त्रीय नृत्य नाटिका है। मान्यता है कि कथकली नृत्य की लगभग 300 साल पुरानी शैली है। यह भूतकाल की कहानियों को प्रदर्शित करता है जिस में महाकाव्य, वीरगाथाएँ और पौराणिक कहानियाँ समाहित होती हैं, नर्तकों का श्रंगार वास्तव में अद्भुत होता है और जब संगीत और ताल का श्रद्धा और विश्वास से मिलन होता है तो देखने वालों पर विस्मयकारी प्रभाव पड़ता है। इस नृत्य में भाग लेने वाले नर्तक जटिल वस्त्रों में अलंकृत होते हैं और अपने चेहरे की हर मांसपेशी से भाव प्रदर्शन करते हैं और अपनी उँगलियों के घुमाव और होंटों के कंपन से विशेष प्रभाव पैदा करते हैं, जो इस नृत्य की पहचान है।

## इतिहास

यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल 1982 को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने को घोषणा की। इस दिन को चुनने का मुख्य कारण नृत्य जगत के सुधारक माने जाने वाले महान नृतक जीन जार्ज नावेरे का जन्मदिन है। 29 अप्रैल को जीन जार्ज नावेरे का जन्म हुआ था। इसके बाद से हर साल दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया जाता है। नावेरे ने नृत्य पर एक किताब लिखी थी, जिसका नाम 'लेटर्स ऑन द डांस' है। इस किताब में नृत्य कला के सभी गुर सिखाए गए हैं, जिसे पढ़कर लोग नृत्य कर सकते हैं अथवा नृत्य करने में दक्षता हासिल कर सकते हैं।

## मोहिनीअट्टम

मोहिनीअट्टम नृत्य का शालीन, सुंदर और स्त्री सुलभ प्रकार है, जिसकी उत्पत्ति केरल में हुई है। नृत्य के इस प्रकार ने अपना नाम 'मोहिनी' से लिया है जो भगवान विष्णु का स्त्रीलिंग अवतार है। यह नृत्य साधारणतया एक अकेली नर्तकी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है तथा इस नृत्य प्रकार में संगीत के साथ सुंदर भावों और चेष्टाओं द्वारा भावनात्मक नाटिकाएँ प्रस्तुत की जाती हैं। इसके गीत आमतौर पर संस्कृत और मलयालम का मिश्रण होते हैं।

## नृत्य महोत्सव

भारत में और भी सैंकड़ों लोक नृत्य हैं जो देश की विविधता भरी संस्कृति में जन्मे और पनपे हैं और जो इस पूरे क्षेत्र की उत्सव धर्मिता की आत्मा हैं। इन सुंदर नृत्य कलाओं का अनुभव करने का सब से उचित तरीका कई नृत्य महोत्सव हैं, जो विभिन्न जगहों पर आयोजित किए जाते हैं। खजुराहो नृत्य महोत्सव दर्शकों को देश के बेहतरीन नर्तकों तथा नृत्य के हर तरीके को देखने का अवसर प्रदान करता है। यह महोत्सव खजुराहो के मंदिर की जटिल कारीगरी की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जाता है। यह वह अवसर है जब उत्कृष्ट नर्तक मंदिर की प्रस्तर मूर्तियों को अपने नृत्य की दक्षता और लालित्य से दर्शकों के सामने जीवंत कर देते हैं।



### अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस से जुड़े तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस का पहला आयोजन 29 अप्रैल 1982 को किया गया था।
- इस दिन का आयोजन मौरीस बेजार्ट नामक नृत्यकार ने किया था।
- यह तारीख फ्रांसीसी बैले मास्टर और कोरियोग्राफर जीन-जॉर्जेस नोवेरे की जयंती के साथ मेल खाती है।
- जीन-जॉर्जेस नोवेरे को "बैले के पिता" के रूप में भी जाना जाता है।
- शास्त्रीय और लोक नृत्य भारत में दो सबसे लोकप्रिय नृत्य रूप हैं।
- कई देशों में अपने-अपने राष्ट्रीय नृत्य दिवस भी होते हैं।

## पाकिस्तान में दो आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को सुरक्षा बलों के एक अभियान में दो आतंकवादी मारे गये। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में बताया कि यह घटना डेरा इस्माइल खान जिले में हुई। सैनिकों ने एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुये आक्रामक कार्रवाई की। आईएसपीआर ने कहा, 'मृत आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किये गये। सभी आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ-साथ नागरिकों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

# पाकिस्तान में देशव्यापी पोलियो विरोधी अभियान की शुरुआत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तानी सरकार ने 2.4 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाने के लक्ष्य के साथ सोमवार को देशव्यापी पोलियो विरोधी अभियान शुरू किया।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं, विनियमों और समन्वय पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के समन्वयक मुख्तार अहमद भरत ने एक बयान में कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी बच्चे इस भयावह बीमारी से सुरक्षित रहें।

भरत ने कहा, "हाल के महीनों में देश में कई सीवेज नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया है, जिसका मतलब है कि यह वायरस बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है।"



उन्होंने लोगों से बेझिझक होकर बच्चों का टीकाकरण कराने का आग्रह किया। समन्वयक ने कहा, "हम आपके घरों में पोलियो टीमें भेज रहे हैं, इसलिए टीका लगाने वालों के लिए अपने दरवाजे अवश्य खोलें और अपने बच्चों को पोलियो की बूंद पिलायें।"

अधिकारी ने घोषणा की कि पांच साल से कम उम्र के 2.4 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो वायरस से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान देश के 91 जिलों में शुरू किया गया है।

यह अभियान देश की राजधानी इस्लामाबाद, पूर्वी पंजाब प्रांत के 10 जिलों, दक्षिणी सिंध के 24 जिलों, उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा के 26 जिलों और दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के 30 जिलों में शुरू हुआ। पोलियो उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र के समन्वयक शहजाद बेग ने कहा कि सरकार नियमित टीकाकरण अभियान चलाना जारी रखेगी क्योंकि अधिकारियों ने देश के 31 से अधिक जिलों में वायरस का पता लगाया है।

# राफा पर इजरायली हवाई हमले में 15 लोगों की मौत

गाजा, एजेंसी

दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में तीन आवासीय इमारतों पर रविवार रात इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफ़ा ने सोमवार को यह जानकारी दी।



स्थानीय सूत्रों ने बताया कि कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं और नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं।

हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इजरायली सेना की पिछले 24 घंटों के दौरान की कार्रवाई में 66 फिलिस्तीनी मारे और 138 अन्य को घायल हो गए। बयान के अनुसार सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,454 हो गई और 77,575 लोग घायल हुए है।

# अमेरिकी सेना ने लाल सागर के पास पांच ड्रोनों को मार गिराया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सेना ने अमेरिका और उसके सहयोगी जहाजों के लिए खतरा करार देते हुए लाल सागर के पास पांच ड्रोन नष्ट कर दिये।

यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सेंटकॉम ने एक्स पर कहा, "यूएस सेंट्रल कमांड (यूएससेंटकॉम) ने रविवार को सना के स्थानीय समयानुसार 1:48 और 2:27 बजे के बीच लाल सागर के पास पांच मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को सफलतापूर्वक मार गिराया।"

यमन का विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) गाजा पट्टी में इजरायली सैन्य अभियान के जवाब में महीनों से क्षेत्र में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों पर हमले कर रहा है। हमलों के कारण अमेरिका को क्षेत्र में नौवहन की सुरक्षा के लिये एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन बनाना पड़ा। साथ ही जमीन पर हूती ठिकानों पर हमला भी करना पड़ा।

## श्रीलंका में मृत्यु दर में वृद्धि, जन्मदर में गिरावट

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में साल 2020 के बाद से मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी हुई है वहीं जन्म दर में गिरावट आयी है। वरिष्ठ उप रजिस्ट्रार जनरल अटॉर्नी-एट-लॉ लक्षिका गनेपोला ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि साल 2020 से पहले वार्षिक जन्म लगभग 3,25,000 थी, लेकिन अब 2023 में घटकर लगभग 2,80,000 हो गयी है।

अटॉर्नी गनेपोला ने कहा कि वार्षिक मौतें लगभग 1,80,000 तक बढ़ गई हैं, जबकि साल 2020 से पहले यह संख्या लगभग 1,40,000 थी। उन्होंने कहा कि मृत्यु और जन्म में हो रहे बदलाव से यहां की जनसंख्या वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# स्पेसएक्स का ड्रैगन कार्गो यान अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हुआ

मॉस्को, एजेंसी

स्पेसएक्स का ड्रैगन रविवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अलग हो गया है और 30 अप्रैल को फ्लोरिडा के तट पर उतरेगा।

एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, " अलग होने की पुष्टि हो गई। ड्रैगन अंतरिक्ष स्टेशन से दूर जाने के लिए तीन डिपार्चर बर्न कर रहा है। फ्लोरिडा के तट पर मंगलवार, 30 अप्रैल को लगभग 36 घंटों में उतरेगा।"

यह यान अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए 30वां वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति मिशन पूरा करने के बाद स्वदेश लौट रहा है। यह कक्षीय चौकी के माइक्रोग्रैविटी वातावरण का लाभ उठाने के लिए डिज़ाइन की गई आपूर्ति और वैज्ञानिक अनुसंधान नमूनों का एक पेलोड ले जा रहा है। इसमें ऑप्टिकल फाइबर और एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया शामिल हैं। अंतरिक्ष यान 23 मार्च को आईएसएस पर पहुंचा और 6,000 पाउंड से अधिक अनुसंधान जांच, चालक दल की आपूर्ति और स्टेशन हार्डवेयर पहुंचाया।

## किंग चार्ल्स तृतीय के जन्मदिन समारोह के लिए सार्वजनिक धन संचय शुरू

लंदन, एजेंसी। जापान की राजधानी टोक्यो स्थित ब्रिटेन दूतावास ने जून में किंग चार्ल्स तृतीय के जन्मदिन का जश्न आयोजित करने के लिए नकद और अन्य प्रकार के प्रायोजन के लिए एक सार्वजनिक अपील जारी की है।

दूतावास ने सोमवार को जारी बयान में कहा, "ब्रिटिश दूतावास टोक्यो महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करने में मदद के लिए नकद और अन्य प्रकार के प्रायोजन की तलाश कर रहा है।" बयान में कहा गया है कि सम्राट का जन्मदिन समारोह 20 जून को टोक्यो में और 11 जून को ओसाका में होगा। अठारहवीं शताब्दी के बाद से ब्रिटेन के प्रत्येक सम्राट ने लंबे समय से चली आ रही परंपरा के हिस्से के रूप में अपने जन्मदिन समारोह को दोगुना कर दिया है, जिनमें से आधिकारिक जन्मदिन को सार्वजनिक उत्सव के रूप में और उनके वास्तविक जन्मदिन को एक निजी कार्यक्रम के रूप में चिह्नित किया जाता है। किंग चार्ल्स तृतीय 17 जून और 14 नवंबर को जन्मदिन मनाते हैं।

## तुर्की में 147 पीकेके संदिग्ध सदस्य हिरासत में

अंकारा, एजेंसी

तुर्की पुलिस और जेंडरमेरी (सैन्य बल) टीमों ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 147 संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया है।

देश के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने रविवार को 'एक्स' पर लिखा, " संदिग्धों ने कथित तौर पर पीकेके के लिए प्रचार किया और साथ ही उन पर समूह को सहायता और बढ़ावा देने का भी आरोप है।"

उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान पीकेके के संदिग्धों को भी निशाना बनाया गया, जिन्होंने कथित तौर पर 2022 में तुर्की में घुसपैठ का प्रयास करने वाले समूह के सदस्यों की सहायता की थी।

उल्लेखनीय है कि पीकेके को तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है। पीकेके ने तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह किया है।

**आईडीएफ | फिलिस्तीनी एन्क्लेव के मध्य भाग में कई हमास कट्टरपंथियों की भी पहचान की और उनपर किया हमला**

# इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के 12 ठिकानों पर किए हमले

**घमासान**

- **इजरायली नौसेना के सैनिकों ने भी हमास के ठिकानों पर हमला किया और मध्य गाजा पट्टी में आईडीएफ जमीनी सैनिकों की सहायता करने का काम किया।**

गाजा, एजेंसी

इजरायली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया।

आईडीएफ ने रविवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, "पिछले दिन, आईडीएफ के लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके अलावा, इजरायली नौसेना के सैनिकों ने भी हमास के ठिकानों पर हमला किया और मध्य गाजा पट्टी में आईडीएफ जमीनी सैनिकों की सहायता करने का काम किया।"

आईडीएफ ने कहा कि इजरायली सेना ने फिलिस्तीनी एन्क्लेव के मध्य भाग में कई हमास कट्टरपंथियों की भी पहचान की और उन पर हमला किया। गत वर्ष सात अक्टूबर को, हमास ने गाजा से इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया जिसमें 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 34,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।



गत वर्ष 24 नवंबर को कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों तथा बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की। युद्धविराम को कई बार बढ़ाया गया और एक दिसंबर को समाप्त हो गया। माना जाता है कि गाजा में 100 से अधिक बंधक अभी भी हमास के पास हैं। रूस ने बार-बार दोनों पक्षों से शत्रुता रोकने का आह्वान किया जिसमें कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित दो-देशीय समाधान, जो पूर्वी यरुशलेम में अपनी राजधानी के साथ 1967 की सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य के निर्माण का प्रावधान करता है संघर्ष को समाप्त करने का एकमात्र रास्ता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1947 में ब्रिटेन शासित फिलिस्तीन को अरब और यहूदी देशों में विभाजित करने के लिए मतदान किया, साथ ही यरूशलेम को एक विशेष अंतरराष्ट्रीय शासन के तहत रखा गया। विभाजन मई 1948 में करने की योजना बनाई गई थी जब ब्रिटिश शासनादेश समाप्त होने वाला था लेकिन केवल इजरायल देश की स्थापना की गई थी।

# इंटर मियामी की जीत में मेसी ने दागे दो गोल

**हालात**

• **न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को 4-1 से दी शिकस्त**

**अमेरिका, एजेंसी**

विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे।

इंटर मियामी के सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के मुकाबले में न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी फुटबाल टीम इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी।

विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे।

मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी, लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्की (83वें मिनट) और मेसी के दोस्त लुईस सुआरेज (88वें मिनट) ने दागे। सुआरेज के गोल में मेसी ने मदद भी की।



## T20 World Cup 2024 के लिए ऐसी हो सकती है टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी की ओर से भारतीय की घोषणा अब से कुछ ही घंटे बाद की जा सकती है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीमों का ऐलान शुरू हो गया है। आईसीसी के मुताबिक एक मई टीमें सामने आने के लिए आखिरी तारीख है। इस बीच न्यूजीलैंड पहली टीम बन गई है, जिसने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। भारतीय टीम की घोषणा अब से कुछ ही घंटे में की जा सकती है। इस बीच हम आपको बताते हैं।

## मैदान पर वापसी करने जा रहा दुनिया का घातक गेंदबाज!

**नई दिल्ली।** T20 World Cup 2024: टी20 वर्ल्ड कप 2024 में एक ऐसा खिलाड़ी खेलता हुआ नजर आ सकता है जो पिछले 1 साल से इंटरनेशनल क्रिकेट से बाहर है। ये गेंदबाज अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी के लिए जाना जाता है। वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में जून 2024 में टी20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा, जिसमें इस बार कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इस टूर्नामेंट के लिए सभी टीमों को 1 मई तक अपने स्क्वॉड का ऐलान करना है। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। इन सब के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में एक घातक गेंदबाज खेलता हुआ नजर आ सकता है। ये खिलाड़ी चोट के चलते पिछले 1 साल से इंटरनेशनल क्रिकेट से बाहर है। इंग्लैंड टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले एक अच्छी खबर सामने आ रही है।

**ऐलान** | **T20 World Cup 2024**

# सेलेक्टर्स के सामने 3 सवालों की गुत्थी जल्द सुलझेगी

**नई दिल्ली।**

एक मई तक जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया जाएगा। इसके लिए अभी इंतजार किया जा रहा है। इस बीच सेलेक्टर्स भी खिलाड़ियों के नामों पर विचार कर रहे हैं।

T20 World Cup 2024 Indian Cricket Team Selection: जल्द ही हमारे सामने उन 15 खिलाड़ियों की लिस्ट आने वाली है, जो भारतीय इस साल के टी20 विश्व कप में देश की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। आईसीसी की ओर से दी गई डेडलाइन अब महज दो ही दिन दूर है। एक मई तक सभी टीमों का ऐलान हो जाएगा। हालांकि बाद में अगर जरूरत पड़ी तो इसमें बदलाव भी किया जा सकेगा। इस बीच भारतीय



टीम के चयन के लिए बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी को 3 सवालों का जवाब खोजना होगा, इससे सेलेक्शन कुछ आसान हो सकता है। चलिए समझते हैं कि वे तीन सवाल कौन से हैं, जो सेलेक्टर्स के मन में चल रहे होंगे।

**ऋषभ पंत के बाद बैकअप कीपर कौन होगा**

टीम इंडिया में टी20 विश्व कप 2024 के लिए ऋषभ पंत का शामिल होना करीब करीब तय है। वे आईपीएल खेल हैं, अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे हैं। बल्लेबाजी के अलावा वे कीपिंग भी कमाल की कर रहे हैं। लेकिन सवाल दूसरे विकेट कीपर को लेकर है। क्योंकि ये विश्व कप जैसा बड़ा टूर्नामेंट है। अगर कहीं पंत चोटिल हो जाते हैं तो उनकी जगह कौन आएगा। इसके लिए दावेदार के रूप में संजू सैमसन, केएल राहुल, ईशान किशन, जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं। अगर इसमें से एक खिलाड़ी का नाम अजीत अगरकर एंड कंपनी तय कर लेती है तो आगे का काम कुछ आसान हो जाएगा।

बैकअप ओपनर के लिए शुभमन गिल और जायसवाल में टक्कर

रोहित शर्मा टी20 विश्व कप में टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करेंगे। कहा जा रहा है कि विराट कोहली रोहित के जोड़ीदार होंगे, लेकिन इसके बाद भी एक बैकअप ओपनर चाहिए होगा। इसके लिए शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा का दावा काफी मजबूत है। अब इनमें से एक खिलाड़ी को चुनना कोई आसान काम नहीं होगा, क्योंकि सभी खिलाड़ी इस वक्त कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। जल्द ही सेलेक्टर्स इस पर आखिरी फैसला ले सकते हैं।

**जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव के जोड़ीदार कौन होंगे**

जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव का इस साल के विश्व कप में खेलना करीब करीब तय है। लेकिन उनके जोड़ीदार कौन होंगे। मोहम्मद सिराज, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, अक्षर पटेल अपना अपना दावा पेश कर रहे हैं। लेकिन ये सारे खिलाड़ी अमेरिका और वेस्टइंडीज नहीं जा सकते। ऐसे में कुछ का पत्ता कट सकता है, वो खिलाड़ी या यूं कहें कि गेंदबाज कौन होंगे, ये देखना दिलचस्प होने वाला है।

## LSG vs MI Dream 11 Prediction

# इस फॉर्मूले से बनाए अपनी टीम, कप्तान और उपकप्तान के लिए इन खिलाड़ियों को चुने

**नई दिल्ली।**

LSG vs MI Dream 11: आईपीएल के 17वें सीजन के 48वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स और मुंबई इंडियंस टीम के बीच भिड़ंत देखने को मिलेगी। प्वाइंट्स टेबल में लखनऊ की टीम अभी 10 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर है तो वहीं मुंबई 6 अंकों के साथ 9वें स्थान पर मौजूद है।

LSG vs MI Dream 11 Prediction: इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 30 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच इकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन लखनऊ टीम के प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिसमें उन्हें अपने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एकतरफा 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ



सुपर जाएंट्स अभी प्वाइंट्स टेबल में पांचवें नंबर पर काबिज है, उन्होंने अभी तक 9 मुकाबले खेले हैं और इसमें 5 में वह जीतने में कामयाब हुए हैं, जबकि 4 मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी तरफ मुंबई इंडियंस की बात की जाए तो हार्दिक पांड्या की कप्तानी में अब तक टीम के लिए ये सीजन किसी बुरे सपने से कम साबित नहीं हुआ है। मुंबई 9 में से सिर्फ तीन मैचों में ही अब तक जीत हासिल कर सकी है। हम आपको इस मैच की ड्रीम 11 टीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें आप किन खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल कर सकते हैं।

**तीन विकेटकीपर और तीन प्रमुख बल्लेबाजों को दें जगह**

लखनऊ सुपर जाएंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले इस मुकाबले के लिए आप अपनी ड्रीम

## प्वाइंट्स टेबल में लखनऊ की टीम अभी 10 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर है

11 टीम में 3 विकेटकीपर को जगह दे सकते हैं, जिसमें केएल राहुल, निकोसल पूरन और ईशान किशन को आप चुन सकते हैं। राहुल का जहां इस सीजन बेहतरीन फॉर्म देखने को मिला है, जिसमें वह अब तक 378 रन बना चुके हैं। वहीं ईशान किशन भले ही पिछले कुछ मैचों में बड़ी पारी खेलने में कामयाब नहीं हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें शुरुआत अच्छी मिल रही है। वहीं पूरन लखनऊ की टीम के लिए फिनिशर की भूमिका को काफी बेहतर तरीके से निभाते हुए नजर आए हैं। आप अपनी इस टीम में प्रमुख बल्लेबाजों के रूप में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को शामिल कर सकते हैं। रोहित अब तक इस सीजन 311 रन बना चुके हैं, तो वहीं तिलक वर्मा की बल्ले से 336 रन देखने को मिले हैं। सूर्या भले ही इस सीजन निरंतरता के साथ प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हुए हैं, लेकिन इस मैच में उनके बल्ले से एक बड़ी पारी देखने को मिल सकती है।

आप अपनी इस ड्रीम 11 टीम में 2 ऑलराउंडर खिलाड़ियों के रूप में हार्दिक पांड्या और मार्कस स्टोइनिस को शामिल कर सकते हैं, ये दोनों ही प्लेयर्स आपको बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अधिक प्वाइंट्स दिला सकते हैं। वहीं प्रमुख गेंदबाजों में आप जसप्रीत बुमराह, गेराल्ड कोएत्जी और रवि बिश्नोई को शामिल कर सकते हैं।

# ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में चढ़ा बाजार

**उछाल**

- **चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने एक प्रतिशत से अधिक की उड़ान भरी**

मुंबई, एजेंसी

अमेरिकी फेड रिजर्व की मंगलवार से शुरू हो रही दो दिवसीय बैठक में ब्याज दरों में कटौती किये जाने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने एक प्रतिशत से अधिक की उड़ान भरी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक अर्थात 1.28 प्रतिशत की उड़ान भरकर 74,671.28 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत उछलकर 41,918.09 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत चढ़कर 47,270.05 अंक हो गया।




इस दौरान बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2015 में लिवाली जबकि 1894 में बिकवाली हुई वहीं 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही।बीएसई में सर्विसेज और रियल्टी समूह की 0.99 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान बैंकिंग 2.70, कमोडिटीज 0.49, ऊर्जा 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.81, इंडस्ट्रियल्स 0.48, यूटिलिटीज 1.12, धातु 0.40, तेल एवं गैस 1.02 और पावर समूह के शेयर 0.90 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.47, जापान का निक्केई 0.81, हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.08 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 253 अंक की तेजी के साथ 73,982.75 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,922.34 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,721.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,730.16 अंक की तुलना में 1.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,671.28 अंक हो गया। निफ्टी भी 56 अंक की बढ़त लेकर 22,475.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,441.90 अंक के निचले जबकि 22,655.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 22,419.95 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत मजबूत होकर 22,643.40 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की लाभ कमाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 4.67, एसबीआई 3.09, अल्ट्रासिमको 2.93, इंडसइंड बैंक 2.90, एक्सिस बैंक 2.47, एनटीपीसी 2.07, कोटक बैंक 1.98, टीसीएस 1.51, बजाज फाइनेंस 1.28, एचडीएफसी बैंक 1.26, सन फार्मा 1.18, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.00, रिलायंस 0.95, एलटी 0.94, टाटा स्टील 0.93, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.91, नेस्ले इंडिया 0.90, एशियन पेंट 0.83, टेक महिंद्रा 0.67, पावरग्रिड 0.55, भारती एयरटेल 0.47, इंफोसिस 0.39, टाइटन 0.32, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.25, मारुति 0.14 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एचसीएल टेक 5.79, आईटीसी 0.44, विप्रो 0.37 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.01 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# टाटा मोटर्स का कमर्शियल व्हीकल फ़ाइनैंसिंग के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ करार

मुंबई, एजेंसी



व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने कमर्शियल व्हीकल कस्टमर्स और डीलरो को सुविधाजनक फ़ाइनैंसिंग सॉल्यूशन मुहैया करवाने के लिए 'साउथ इंडियन बैंक' के साथ एक करार किया है।

बैंक ने आज यहां कहा कि वह पूरे कमर्शियल व्हीकल पोर्टफ़ोलियो में फ़ाइनैंसिंग की पेशकश करेगा और ग्राहकों को बैंक के व्यापक नेटवर्क और विशेष रूप से क्यूरेटेड आसान रीपेमेंट प्लान्स से लाभ होगा। यह गठबंधन डीलरशिप को बेहतर सपोर्ट देने, विकास को बढ़ावा देने, अतिरिक्त आवश्यकताओं को कम करने, ब्याज दर कम करने और क्रेडिट प्रोसेसिंग को सुव्यवस्थित करने की दिशा में अहम प्रगति के रास्ते पर सबसे आगे रहता है।

टाटा मोटर्स लॉजिस्टिक्स और मास मोबिलिटी सेगमेंट की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए छोटे कमर्शियल वाहनों और पिकअप, ट्रकों और बस सेगमेंट में सब-1-टन से 55-टन कार्गो वाहनों और 10-सीटर से 51-सीटर मास मोबिलिटी सॉल्यूशन्स की व्यापक रेंज देता है। कंपनी अपने 2500 से अधिक टचपॉइंट्स के व्यापक नेटवर्क के ज़रिए असाधारण गुणवत्ता और सेवा प्रतिबद्धता तय करती है, जो प्रशिक्षित विशेषज्ञों की ओर से संचालित है और इसे टाटा जेन्यूइन पार्ट्स के आसान ऐक्सेस का सपोर्ट भी हासिल है।

## अमेज़न पे के साथ कम खर्च में लें गर्मियों की छुट्टियों का आनंद

नई दिल्ली । इस गर्मियों की छुट्टियों में अमेज़न पे आपकी ट्रिप को बेहद आसान और मजेदार बनाने जा रहा हैं। बुकिंग की झिकझिक और लॉजिस्टिक्स की झंझट को गुडबॉय तथा सुविधाओं एवं रोमांच से भरपूर दूनिया का इन्जांय करने के लिए तैयार हो जाइये। फ्लाइट, कैब, होटल बुकिंग से लेकर फंकी ट्रैवल गैजेट्स तक, के लिए आपकी गर्मियों की छुट्टी की शानदार योजना बनाने के लिए एमेज़ॉन के पास आपके लिए संपूर्ण जानकारी है। अमेज़न पे की मदद से अपनी ट्रैवल टिकट बुक करें और इंटरनेशनल फ्लाइट पर 5000 रुपये तक की छूट और डोमेस्टिक फ्लाइट पर 10% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, ये आपको शीघ्र और परेशानी रहित सेवा प्रदान करके आपके अनुभव को बेहतर बनाते हैं। साथ ही, अमेज़ॉन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पे 5% अतिरिक्त कैशबैक पाएं।



## सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी की चमक पड़ी फीकी

इंदौर। भारतीय सराफा बाजार में 2 मई 2024 को सोने के भाव में कमी आई है। सोने का भाव 71327 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 30 अप्रैल 2024 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 383 रुपये की कमी आई है। चांदी के भाव में भी कमी देखी गई है। चांदी का भाव 80050 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 30 अप्रैल से 331 रुपये की कमी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 30 अप्रैल की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 71710 रुपये थी। 2 मई को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 71327 रुपये हो गई है। 30 अप्रैल की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 80050 रुपये थी। 2 मई को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 79718 रुपये हो गई है। 2 मई को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 71041 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 65336 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 53495 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 41726 रुपये हो गई है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)